आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया

–:कार्यालय आदेश:–

प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया का वेबसाईट https://purneadivision.bih.nic.in क्रियाशील हो चुका है एवं इसके अद्यतन का कार्य श्री श्याम मोहन दूबे, आई0टी0 मैनेजर द्वारा किया जा रहा है।

2. वेबसाईट की सूचना को समृद्ध बनाने हेतु निदेश दिया जाता है कि कार्यालय/ गोपनीय प्रशाखा से निर्गत होने वाले महत्वपूर्ण पत्रों / बैठक के पत्र एवं कार्यवाही/ निरीक्षण टिप्पणी/ कार्यालय आदेश/ स्थानांतरण–पदस्थापन आदेश/ वाद सूची तथा क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय से संबंधित विभिन्न सूचना यथा– बस का समय प्रकाशन/ परमिट/ महत्वपूर्ण पत्रों / बैठक के पत्र एवं कार्यवाही आदि की एक प्रति प्रमंडलीय आई0टी0 मैनेजर को भी प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे।

3. प्रमंडलीय आई0टी0 मैनेजर के कार्यो यथा वेबसाईट अद्यतन, बैठक हेतु पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन, एच0आर0एम0एस0, पे–रॉल मैनेजमेंट सिस्टम, कोर्ट केस मैनेजमेंट सिस्टम, सी0एफ0एम0एस0, बी0बी0ए0एस0 पोर्टल आदि में सहयोग हेतु श्री सुजीत कुमार, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार (प्रतिनियुक्त आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णियाँ) को श्री श्याम मोहन दूबे, आई0टी0 मैनेजर, आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया के साथ सम्बद्ध किया जाता है।

4. श्री सुजीत कुमार, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार (प्रतिनियुक्त आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णियाँ) प्रमंडलीय आई0टी0 मैनेजर के निर्देशन एवं नियंत्रण में कार्य करेंगे।

5. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

6. आदेश पर आयुक्त का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/-

आयुक्त के सचिव,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक–1/मु0– स्था0 01–02/2022 2801, दिनांक–22/08/22

प्रतिलिपि:–
1. संयुक्त आयुक्त–सह–सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
2. सभी प्रशाखा पदाधिकारी/सहायक/आशुलिपिक (आयुक्त के गोपनीय प्रशाखा) /लिपिक/ आयुक्त कार्यालय, पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
3. आई0टी0 मैनेजर, आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. श्री सुजीत कुमार डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार प्रतिनियुक्त, आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णियाँ को सूचनार्थ एवं अनुंपालनार्थ प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 22/8/22

आयुक्त के सचिव,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।